पंजाब केसरी 28/02/2026

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुआ 15 ओवरों का रोमांचक मैत्री क्रिकेट मैच

■ टीम-ए ने 2 रन से दर्ज की शानदार जीत

खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 27 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट में आयोजित 15 ओवरों के मैत्री क्रिकेट मैच में खेल भावना और रोमांच का शानदार संगम देखने को मिला। मुकाबला टीम-ए और टीम-बी के बीच खेला गया, जिसमें टीम-ए ने 2 रन से रोमांचक जीत दर्ज की।

टीम-ए. के कप्तान डॉ. रोहित दत्त के नेतृत्व में टीम ने पहले गेंदबाजी करते हुए 15 ओवरों में 104 रन बनाए। विक्रम सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 53 गेंदों पर नाबाद 56 रन बनाए और टीम को मज़बूत स्कोर तक पहुंचाया। गेंदबाजी में नरेश ने 2 विकेट झटके, जबकि संजीव और विक्रम ने 1-1 विकेट हासिल कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम-बी. ने कड़ा संघर्ष किया। टीम के कप्तान धर्मवीर सैनी के नेतृत्व में अंकित सैनी ने मात्र 13 गेंदों पर 31 रन की तेज पारी खेली, जबकि गुंजीत सिंह ने 12 गेंदों पर 17 रन बनाए।

गेंदबाजी में अंकित सैनी ने 2 विकेट लिए तथा गुंजीत सिंह, धर्मवीर सैनी और आर. देसवाल ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। हालांकि, अंत तक मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, लेकिन टीम-बी. 102 रन ही बना सकी और टीम-ए. ने 2 रन से जीत हासिल की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने वक्तव्य में

मैच के दौरान शॉट लगाते हुए गेंदबाज। (चंद्रमोहन)

कहा कि ऐसे खेल आयोजन विद्यार्थियों और स्टाफ के बीच आपसी समन्वय, अनुशासन और टीम भावना को सुदृढ़ करते हैं।

खेल न केवल शारीरिक फिटनैस को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता के विकास में भी सहायक होते हैं। डा. दत्त ने इस सफल एवं प्रेरणादायक आयोजन के लिए आयोजन समिति, सहयोगी संस्थाओं और प्रतिभागियों का की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे नवाचारपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।